# विज्ञान एवं तकनीक विकास में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका : कोविंद

**मौसम**

*अधिकतम : 38.0 डिग्री सेल्स*
*न्यूनतम : 21.0 डिग्री सेल्स*
*पूर्वानुमान : आसमान साफ रहेगा*

**आज के कार्यक्रम**

**भुवनेश्वर**

- ***सुबह 8.00 बजे*** *सुंदरकांड पाठ का आयोजन, श्रीराम मंदिर*
- ***शाम 7.30 बजे*** *भजन, श्रीराम मंदिर*

**पुरी**

- ***प्रात: 06 बजे*** *श्रीजिउ की मंगल आरती, श्रीमंदिर*
- ***प्रात: 07:30 बजे*** *श्रीजिउ का अवकाश, श्रीमंदिर*
- ***प्रात: 09 से 10 बजे तक*** *श्रीजिउ के सर्वसाधारण दर्शन*
- ***अपराह्न 01 बजे*** *सुबह का धूप भोग, श्रीमंदिर*
- ***अपराह्न 02:30 बजे*** *भोग मंडप के दौरान महाप्रसाद भोग, श्रीमंदिर*
- ***शाम 6.30 बजे*** *जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के मार्गदर्शन में महोदधि आरती, स्वर्गद्वार, समुद्र तट,*
- ***संध्या 07 बजे*** *श्रीजिउ की संध्या आरती, श्रीमंदिर*
- ***रात्रि 8.00 बजे से 9.00 बजे तक*** *जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के मार्ग दर्शन पर श्रीमद् भागवत कथा पाठ, गोवर्द्धन पीठ, शंकराचार्य मठ*
- ***रात 12 बजे*** *श्रीजिउ का रात्रि पहुड़, श्रीमंदिर*


**जटनी :** बढ़ती स्पर्धा के बीच हमारी आने वाली पीढ़ी को विश्वस्तरीय आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक की शिक्षा देने में आईआईटी जैसे प्रौद्योगिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक समस्या हैं और इसके समाधान में भी आईआईटी जैसी शिक्षण संस्थाओं का प्रयास सराहनीय और प्रशंसनीय है। आईआईटी भुवनेस्वर के छठे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उक्त बातें कही। समारोह में स्वर्ण पदक, रजत पदक पाने वाले और पासआउट विद्यार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने

**आईआईटी भुवनेश्वर के छठे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल**



विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत में दीक्षा पाठ किये जाने पर खुशी जाहिर की। राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी से शिक्षा प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत छात्र देश के विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। उन्होंने आईआईटी, भुवनेश्वर की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा निकटवर्ती क्षेत्र के छह गांवों को गोद लेकर आधुनिक तकनीक से उन्हें समृद्ध बनाने की पहल प्रशंसनीय है। इस अवसर पर जटनी के ताराबोई गांव में 500 करोड़ की लागत से 50 एकड़ जमीन पर बनने वाले कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) का शिलान्यास और एक रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीटी) मुम्बई के इंडियन आयल ओडिशा परिसर का भी उद्घाटन किया। उपरोक्त दोनों संस्थानों में एसडीआई के शुरू होने से यहां आगामी 10 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा दक्ष युवक तैयार होकर निकलेंगे, जो देश में विभिन्न प्रकार के औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित होकर देश के विकास में योगदान देंगे। वहीं दूसरी संस्था आईसीटी का भी आज उद्घाटन राष्ट्रपति कोविंद के द्वारा हुआ, जिससे न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी आवश्यक पेट्रो केमिकल, पालीमर, पीवीसी एवं अनेक प्रकार के रसायन का निर्यात किया जा सकेगा। ये बात सम्मानित अतिथि के तौर पर उपस्थित पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कही। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल डा एससी जमीर, मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डा सत्यपाल सिंह सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी, गवर्निंग बाडी के चेयरमैन पंकज रमनभाई पटेल ने की। आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक आरवी राजा कुमार ने विवरणी पाठ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी-टेक ग्रेजुएट कमल नयन रेड्डी चला, स्कूल आफ अर्थ ओसन एंड क्लाइमेट साइंसेज में एम-टेक ग्रेजुएट ऋषभ गोयल, जीयोलाजी में एमएससी ग्रेजुएट पार्थ सारथी जेना को इंस्टीटूट गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा योगेंद्र सिंह पटेल, हरिन हंसपाल, कमल नयन चला, विश्वास चंद्र खान, ऋषभ गोयल, सूर्यकांत कुमार, निकिता त्रिवेदी, एम नरेश, पीयूष चक्रवर्ती, पार्थसारथी जेना, प्रियंका मिश्र, स्मिता चक्रवर्ती को रजत पदक प्रदान किया गया। चेयरमैन पंकज रमनभाई पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


## ज्योतिरंजन बारिक बना गेट का आल इंडिया टापर



**भुवनेश्वर :** ओडिशा के ज्योतिरंजन बारिक ग्रेजुएट एप्टिट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) परीक्षा में चालू वर्ष आल इंडिया टापर बना है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग की ओर से जारी परीक्षाफल में ओडिशा कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के छात्र ज्योतिरंजन कृषि अभियांत्रिकी पेपर में कुल 959 अंक हासिल कर टापर बना। राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ज्योतिरंजन को इस सफलता पर बधाई दी। गेट 2018 के अंकों का इस्तेमाल विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में चयन प्रक्रिया में किया जाता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि परीक्षार्थी 20 से 31 मई के बीच आधिकारिक वेबसाइट से अपने परीक्षाफल को डाउनलोड कर सकेंगे। बारिक के अलावा लखनऊ के प्रशांत गुप्ता ने रसायनशास्त्र में 71.67 प्रतिशत अंक हासिल कर आल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल किया है। इसी प्रकार उत्तराखंड की नमिता कालरा ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में आल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल किया।

## अपने उद्यम की शुरुआत के लिए केंद्रीय योजनाओं का इस्तेमाल करें आईआईटी के छात्र : राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रों से कहा कि वे अपने उद्यम शुरू करते वक्त केंद्र की उन योजनाओं का इस्तेमाल करें जिनसे नवोन्मेष एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाता है। आईआईटी, भुवनेश्वर में छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि मुझे यकीन है कि आपमें से कई लोग अपने नवोन्मेषी विचारों को आकार देने के लिए अपना उद्यम शुरू करने पर विचार करेंगे। ऐसा करते हुए भारत सरकार की उन योजनाओं का लाभ उठाएं जिनसे नवोन्मेष एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाता है। आईआईटी छात्रों से अपने उद्यम के जरिए आर्थिक मूल्यों एवं रोजगार के सृजक बनने की अपील करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी के छात्र होने के नाते आपको सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए ही सर्वश्रेष्ठ हासिल करने की आकांक्षा नहीं रखनी चाहिए बल्कि समाज एवं राष्ट्र एवं पूरे विश्व के लिए भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा



कि आईआईटी के युवा छात्रों के सामने कई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने की कोशिश करनी चाहिए, चाहे वह शिक्षण, शोध, सामाजिक प्रभाव या बेहतरीन आधारभूत संरचना का ही क्षेत्र क्यों न हो। राष्ट्रपति ने कहा कि यह आसान काम नहीं होगा लेकिन यह असंभव भी नहीं है।

## जग्गी मंगत पंडा बनीं सीआईआई पूर्वी क्षेत्र की पहली महिला अध्यक्ष

**भुवनेश्वर :** ओरटेल कम्यूनिकेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक जग्गी मंगत पंडा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्ष बनाई गयी हैं। सीआईआई, पूर्वी क्षेत्र की कोलकाता में कल आयोजित काउंसिल बैठक में नाम की घोषणा किये जाने के बाद इस औद्योगिक इकाई की पूर्वी जोन में शीर्ष पद पर पदस्थ होने वाली पंडा पहली महिला होंगी। 2018-29 के लिए अध्यक्ष के तौर पर पंडा उपाध्यक्ष तथा टीटागढ़ वैगन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी का स्थान लेंगी। ओरटेल कम्यूनिकेशन लिमिटेड की सह-संस्थापक पंडा को 2008 में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की ओर से यंग ग्लोबल लीडर अवार्ड प्राप्त हुआ था। पंडा को ब्राडबैंड और ब्राडकास्टिंग इंडस्ट्री में 15 वर्ष का लंबा अनुभव है और वे पूर्व में सीआईआई, पूर्वी क्षेत्र की डिप्टी चेयरपर्सन भी रह चुकी हैं। पंडा ओडिशा टेलीविजन लिमिटेड की सह-संस्थापक और कार्यकारी निदेशक भी हैं।

**आज का इतिहास**

भारतीय एवं विश्व इतिहास

## भगवान की तरह रोजाना होती है गांधी की पूजा-अर्चना

### संबलपुर और अनुगूल के बीच रद्द रहेगी राउरकेला-पुरी-राउरकेला पैसेंजर

**भुवनेश्वर :** संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के तहत संबलपुर-अनुगूल रेलवे सेक्शन के बीच लिमिटेड हाईट सब-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस कारण सोमवार को दोनों ही दिशा से राउरकेला-


**पूर्व तट रेलवे**

**किराये पर वाहन**

निविदा सूचना सं. ECoR/Mech/HV/OT/01

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे(मैकेनिकल)/मुख्यालय स्थित प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियन्ता के कार्यालय में कार्यालय सम्बधी उपयोग हेतु चालक सहित 01 (एक) संख्यक नन-एसी

**पूर्व तट रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य**

फाइल नं. DRM/Engg/KUR/17-18/E-Tender/30 दिनांक : 15.03.2018

1. निविदा सूचना सं.e-Tender-ESTATE KUR-308-17, दिनांक : 14.03.2018

**विवरण :** मन्चेश्वर कॉलोनी, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में रेलवे प्रेक्षागृह (Auditorium)